# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01 अक्टुबर 2023 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- देश में आज सुबह दस बजे से चलेगा व्यापक सफाई अभियान। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से '**एक तारीख, एक घंटा, एक साथ**' स्वच्छता अभियान में श्रमदान करने की, की अपील।
- प्रदेश में दिसम्बर में होगा कृषि कुंभ का आयोजन। मुख्यमंत्री ने कहा– कृषि कुंभ को वैश्विक समारोह बनाया जाए। प्रदेश के सभी जनपदों के साथ अन्य राज्यों की भी हो भागीदारी।
- वाराणसी जिला जज की अदालत में ज्ञानवापी परिसर स्थित व्यासजी के तहखाने पर कब्जे के मामले में सुनवाई हुई पूरी। चार अक्तूबर को आ सकता है फैसला।

**और**

- पीलीभीत में बाघ की हड्डियां बेचने जा रहे दो वन तस्करों को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार।

**********

गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर आज देश भर में सुबह दस बजे से व्यापक सफाई अभियान चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर लोग '**एक तारीख, एक घंटा, एक साथ**' स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील की है कि वे आज सुबह 10 बजे एक घंटे के लिए स्वच्छता अभियान में हिस्सा लें। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत देश के सभी लोगों की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दिशा में जनभागीदारी का हर एक प्रयास बहुत अहम है।

प्रधानमंत्री का **एक तारीख, एक घंटा, एक साथ** का आह्वान स्वच्छ दुनिया का सबसे बड़ा स्वैच्छिक प्रयास होगा। इस अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से छह लाख 40 हजार से अधिक स्थलों पर श्रमदान किया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों और अन्य क्षेत्रों में सफाई गतिविधियों में बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे। सफाई स्थलों पर, नागरिक अपनी तस्वीरें खींच सकते हैं और इसे **स्वच्छता ही सेवा डॉट कॉम** पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं।

**********

प्रदेश में भी आज सुबह दस बजे से लोग एक घंटे तक स्वच्छता के लिये श्रमदान करेंगे। इस दौरान शहरों, कस्बों और गांवों में लोग सार्वजनिक स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, पार्क, सरकारी और निजी कार्यालयों, ऐतिहासिक स्थलों, सड़कों और नदी घाटों पर साफ–सफाई करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों से आज सुबह दस बजे एक साथ सफाई के लिये श्रमदान करने की अपील की है। श्री योगी ने कहा कि हमारा ये सामूहिक प्रयास राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्वच्छांजलि होगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए और सभी बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों के बच्चे प्रभातफेरी निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर प्रदेश के सभी प्राइमरी और माध्यमिक विद्यालय आज रविवार को भी खुलेंगे।

**********

भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हजार रूपये के नोट बदलने की समय सीमा सात अक्तूबर तक बढ़ा दी है। रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि नोट बदलने की प्रक्रिया कल तीस सितंबर को समाप्त हो रही थी और एक समीक्षा के आधार पर दो हजार रूपये के नोट जमा करने या बदलने की वर्तमान व्यवस्था को सात अक्तूबर तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में आगामी कृषि कुंभ के आयोजन में राज्य के सभी जनपदों के साथ अन्य राज्यों की भी भागीदारी होनी चाहिए। प्रदेश सरकार ने वर्ष दो हजार अट्ठारह में कृषि कुंभ का पहला आयोजन किया था। अब इसका दूसरा संस्करण दिसम्बर माह के दूसरे सप्ताह में आयोजित होने की सम्भावना है। मुख्यमंत्री ने कल इस सम्बन्ध में समीक्षा बैठक में कहा कि कृषि कुंभ में प्रदेश में कृषि क्षेत्र के नवाचार और उन्नत कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बीज से बाजार तक और पूरे विश्व में कृषि क्षेत्र में अपनायी जा रही तकनीक की जानकारी देने वाला होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि कुंभ को वैश्विक समारोह बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जापान, इजरायल, क्रोएशिया, पोलैंड, पेरू, जर्मनी, अमेरिका, फिलीपींस, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया जैसे देशों में कृषि क्षेत्र में अनेक अभिनव कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट–2023 की तर्ज पर सम्बंधित देशों में भारतीय दूतावासों से सम्पर्क कर इन देशों को उत्तर प्रदेश कृषि कुम्भ में सहयोगी देश के रूप में सहभागी बनाने के प्रयास किए जाएं। श्री योगी ने कहा कि कृषि कुंभ में दो लाख किसानों की प्रतिभागिता करायी जाए।

कृषि कुंभ का मुख्य आयोजन लखनऊ के भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में होगा। इससे पूर्व नई दिल्ली कर्टेन रेजर ईवेंट भी आयोजित किया जाएगा।

**********

वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में व्यासजी के तहखाने से जुड़े मामले में कल वाराणसी जिला न्यायाधीश की अदालत में सुनवाई पूरी हो गयी। अदालत चार अक्टूबर को अपना फैसला सुना सकती है। जिला न्यायालय में ये वाद शैलेन्द्र व्यास की ओर से दायर किया गया है। उनके अधिवक्ता सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने आशंका जतायी कि व्यास जी के तहखाने में दरवाजा न होने के कारण विपक्षी इस पर कब्जा कर सकते हैं। प्रतिवादी पक्ष अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी के अधिवक्ता ने इस पर कड़ी आपत्ति जतायी। वहीं काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के अधिवक्ता ने इस पर कोई आपत्ति दर्ज नहीं करायी। उन्होंने अपना पक्ष रखने के लिये अदालत से समय मांगा। इससे पहले अदालत ने नोटिस देकर काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को अपना पक्ष रखने के लिये कहा था। वादी पक्ष के अधिवक्ता सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने संवाददाताओं को बताया–

***आज जो मामला था व्यास जी के तहखाने के संदर्भ में, चूंकि मामला काफी अर्जेन्ट है, सेंसटिव है इसलिये हम लोगों ने ट्रांसफर एप्लिकेशन जिला कोर्ट में दाखिल किया था कि इस अर्जेन्ट मामले को जो अर्जेंसी है उसको अपनी कोर्ट में मंगवा के सुनें और इसपर फैसला लें जिसमें हम लोगों ने मांग किया था कि व्यास जी का तहखाना चूंकि सैंकड़ों वर्षों से व्यास जी के परिवार के स्वमित्व और उनके पजेसन में रहा है जिसमें व्यास जी की तरफ से पूजा–पाठ कथा वगैरह चलता था। 1993 में राजनीतिक कारणों से जब बैरिकेडिंग किया गया उस ज्ञानवापी परिसर को तो व्यास जी को उस परिसर से पजेसन हटाते हुए कब्जामुक्त कर दिया गया तो अब चूंकि ये सारी चीजें चल रहीं हैं एएसआई सर्वे भी चल रहा है, हम लोग भी जा रहे हैं आ रहे हैं, कहीं कोई दूसरा पक्ष इस व्यास जी के तहखाने को कब्जा न करे इसलिये अर्जेंसी को देखते हुए हम लोगों ने जो टीए दाखिल किया था।***

**********

प्रदेश सरकार ने कल दस आई.ए.एस. अधिकारियों के तबादले किए। इनमें छह जिलों के जिलाधिकारी भी शामिल हैं। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एम देवराज को प्रमुख सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग के साथ–साथ प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। डॉ. एम.के.एस. सुंदरम को प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा तथा कौशल विभाग से प्रमुख सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, और पार्थ सारथी सेन शर्मा, प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को अपने वर्तमान पद के साथ प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त प्रभार की जिम्मेदारी दी गई है। बाल कृष्ण त्रिपाठी को विशेष सचिव, कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा, से प्रभारी, चित्रकूटधाम मंडल नियुक्त किया गया है। सी इन्दुमती मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को फतेहपुर का जिलाधिकारी बनाया गया है। कृत्तिका ज्योत्सना, विशेष सचिव, खाद्य एवं रसद विभाग सुल्तानपुर की जिलाधिकारी होंगी। इनके अलावा अनुनाया झा को मथुरा के नगर आयुक्त पद से हटाकर जिलाधिकारी महाराजगंज बनाया गया है।

महराजगंज के जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार को बाराबंकी के जिलाधिकारी पद पर स्थानान्तरित किया गया है। वहीं अविनाश कुमार को बाराबंकी जिलाधिकारी से झांसी और रविन्द्र कुमार द्वितीय को झांसी जिलाधिकारी के पद से हटाकर बरेली का नया जिलाधिकारी बनाया गया है।

**********

प्रदेश में आज से किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी पर धान की खरीद शुरू हो रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आज से इकतीस जनवरी दो हजार चौबीस तक सरकारी क्रय केंद्रों में धान की खरीद की जाएगी। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक नवंबर से फरवरी के अंत तक धान की खरीद होगी। सरकार ने इस वर्ष सामान्य धान की एमएसपी दो हजार एक सौ तिरासी रूपए प्रति कुंतल और ग्रेड–ए धान की एमएमपी दो हजार दो सौ तीन रूपए घोषित की है। धान की बिक्री के लिए किसानों को वेबसाइट **एफसीएस डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन** और मोबाइल ऐप **यूपी किसान मित्र** पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

**********

नेपाल के तस्करों को बाघ की हड्डियां बेचने जा रहे दो वन तस्करों को कल पीलीभीत में यूपी एसटीएफ, पीलीभीत टाइगर रिजर्व और वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने संयुक्त रूप से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से बाघ की डेढ़ से दो वर्ष पुरानी हड्डियां बरामद हुईं हैं। एक आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के उप निदेशक नवीन खंडेलवाल ने बताया कि आरोपियों पर मुकदमा दर्ज बरामद की गयी बाघ की हड्डियों की जांच कराई जा रही है।

**********